आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 06.11.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व चैंपियन भारतीय महिला क्रिकेट टीम से मुलाकात की। फिट इंडिया को बढ़ावा देने का आग्रह किया।
- चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने श्री नंदा देवी राजजात यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर वाण, लोहाजंग और मुंदोली में बैठक की।
- हरिद्वार जिले के सभी नगर निकायों में स्वच्छता सप्ताह अभियान जोरों पर चलाया जा रहा है।
- अल्मोड़ा के मल्ला महल में आयोजित सात दिवसीय जय गोलज्यू महोत्सव सम्पन्न।

## प्रधानमंत्री/महिला क्रिकेट टीम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर महिला विश्व कप विजेता खिलाड़ियों की मेज़बानी की। श्री मोदी ने महिला क्रिकेट टीम को उनकी जीत पर बधाई दी और टूर्नामेंट में उनकी शानदार वापसी की सराहना की। प्रधानमंत्री ने खिलाड़ियों से फिट इंडिया के संदेश को आगे बढ़ाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि खासकर देशभर की लड़कियों के लिए उनको यह संदेश आगे बढ़ाना चाहिए। कप्तान हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा ने प्रधानमंत्री के साथ अपनी 2017 की मुलाकात को याद किया, जब वे ट्रॉफी के बिना उनसे मिली थीं। तब प्रधानमंत्री ने कड़ी मेहनत करते रहने की सलाह दी थी।

## नंदा देवी राजजात

चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार और पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने श्री नंदा देवी राजजात यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत वाण, लोहाजंग और मुंदोली में बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा मार्ग पर आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं और सुझावों को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। ग्रामीणों ने ग्वालदम से तपोवन तक के मोटरमार्ग की जिम्मेदारी सीमा सड़क संगठन को दिए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई। जिलाधिकारी ने कहा कि श्री नंदा देवी राजजात यात्रा के लिए ग्रामीणों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं, जिन पर शीघ्र कार्रवाई के आदेश जारी किए जाएंगे।

## जीएसटी

नरेन्द्र मोदी सरकार की कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से ऑटोमोबाइल उद्योग को भी बढ़ावा मिल रहा है। एक रिपोर्ट–

## युवा महोत्सव

उत्तराखंड राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती उत्सव कार्यक्रम के तहत हरिद्वार के ऋषिकुल ऑडिटोरियम में युवा महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने इसका शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवाओं का आह्वान किया कि वे अपने भविष्य को लेकर अपने लक्ष्य और विजन को निर्धारित करते हुए कड़ी मेहनत कर लक्ष्य हासिल करें। उन्होंने कहा कि युवाओं में आज नशे कि प्रवृत्ति सबसे बड़ी समस्या हो गई है। सभी को नशे से दूर रहने और प्रदेश को नशे से मुक्त करने के लिए सभी को संकल्प लेना चाहिए। श्री रावत ने विभिन्न विभागों और स्वयं सहायता समूह के स्टॉलों का निरीक्षण भी किया।

## निरीक्षण

चंपावत के जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कल देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित स्वाला क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यातायात व्यवस्था और मार्ग सुधार कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को चौड़ीकरण और मार्ग सुधार कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के दौरान भी यातायात सुचारु बना रहना चाहिए, ताकि यात्रियों को असुविधा न हो। इसके लिए वैकल्पिक मार्गों और प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने स्वाला क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क को समतल करने के साथ ही साइड ड्रेनेज कार्यों को प्राथमिकता दी जाए, जिससे बरसात या जलभराव की स्थिति में मार्ग पर कोई समस्या न हो।

## स्वच्छता अभियान

हरिद्वार जिले के सभी नगर निकायों में स्वच्छता सप्ताह अभियान जोर–शोर से चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य नगर क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के स्तर को बेहतर बनाने, कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ करने और नागरिकों में साफ–सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत सड़कों, गलियों, सार्वजनिक स्थलों, पार्कों और नालियों की विशेष सफाई की जा रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन आंदोलन बने, इसके लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभानी होगी, ताकि स्वच्छ व सुन्दर हरिद्वार जिले की संकल्पना को साकार किया जा सके।

## गोलज्यू महोत्सव

अल्मोड़ा के मल्ला महल में आयोजित सात दिवसीय जय गोलज्यू महोत्सव का समापन हो गया। अंतिम दिन विभिन्न विद्यालयों और महिलाओं की पारम्परिक परिधान प्रतियोगिता आयोजित की गई। महोत्सव में स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी और कलाकारों द्वारा कला प्रदर्शनी भी लगाई गई। अल्मोड़ा जिले के लमगड़ा विकासखंड के जनप्रतिनिधि और संस्कृति कर्मी दिवान सिंह सतवाल ने कहा कि जय गोलज्यू महोत्सव के आयोजकों ने अल्मोड़ा की संस्कृति और विरासत को संजोने का काम किया है।
वहीं, सांस्कृतिक प्रतियोगिता में भाग लेने वाली स्वाति बगडवाल ने कहा कि उन्हें यहां कि संस्कृति के बारे में बहुत कुछ सीखने को मिला ।

## प्रधानमंत्री/वंदे मातरम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में राष्ट्र गीत ''वंदे मातरम'' के 150 वर्ष पूरे होने पर एक वर्ष के स्मृति उत्सव का उद्घाटन करेंगे। संस्कृति मंत्रालय कल से अगले वर्ष सात नवंबर तक चलने वाले राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक अक्टूबर को इन समारोहों को मंजूरी दी थी।

## पहुंच मार्ग भाुभारंभ

बागेश्वर की विधायक पार्वती दास ने बागेश्वर–गिरेछीना मोटर मार्ग से नदीगांव तक गोमती नदी के किनारे पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। लगभग आधा किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर करीब 8 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत आएगी। निर्माण पूरा होने के बाद नदीगांव के ग्रामीणों को सुगम और सुरक्षित आवागमन सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर श्रीमती दास ने कहा कि यह सड़क ग्रामीण क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।